हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–92 : जौनपुर, गुरुवार 26 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## योगी सरकार के बजट में जनता के लिए क्या है : जानें सभी अहम बातें

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार को अपने दूसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में राज्य के लिए 6 लाख 15 हजार 518 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने जनता के लिए तमाम योजना की घोषणा की। इस बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर सभी जिलों में उत्पादों को बढ़ावा देने, फिल्म सिटी की स्थापना करने, मुफ्त गैस कनेक्शन, गरीब लोगों को फ्री राशन देने और किसानों को आर्थिक सहायता देने जैसी तमाम घोषणाएं की। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के क्षेत्र में हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार ने बच्चों के मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया है। इसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है। दस्तक कार्यक्रम इस सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है जिसके परिणामस्वरूप एईएस/जेई से प्रभावित सभी क्षेत्रों में बच्चों की मृत्यु में बड़ी कमी आई है। सिक एण्ड न्यूबॉर्न करते हुये सरकार अधिक बच्चों की केयर यूनिट्स के विस्तार पर ध्यान केन्द्रित ने पिछले पाँच वर्षों में प्रति वर्ष एक लाख से मृत्यु को रोका है। सरकार कुपोषण के मुद्दों को दूर करने पर भी ध्यान केन्द्रित कर रही है और 203 ब्लॉक स्तरीय केन्द्रों को बढ़ावा देकर कुपोषण पुनर्वास केन्द्रों को जिलों से ब्लॉक तक ले जाने के लिये बजटीय प्रावधान किया जा रहे हैं। कोविड–19 संक्रमण के कारण अनाथ / प्रभावित हुये बच्चों के भरण – पोषण , शिक्षा , चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु माह – जून, 2021 से उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का संचालन किया जा रहा है। वाराणसी और गोरखपुर को मिलेगी मेट्रो की सौगात वाराणसी और गोरखपुर में मेट्रो रेल शुरू करने के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पुलिस के आवासीय भवनों के लिए 800 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 15 हजार सोलर पंपों की स्थापना होगी सुरेश खन्ना ने कहा कि 2022–23 में 15 हजार सोलर पंपों की स्थापना होगी। लघु सिंचाई के लिए 1 हजार करोड़ रुपये। सभी 1535 थानों पर महिला बीट का गठन किया गया। महिला सामर्थ्य योजना के लिए 72 करोड़ 50 लाख रुपये की व्यवस्था प्रदेश के समस्त जनपदों में जनपद स्तर पर साइबर हेल्प डेस्क स्थापना की जा रही है। महिला सामर्थ्य योजना के लिए 72 करोड़ 50 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओं के आवाहन में यूपीएसईई 2018 की 100 टॉपर छात्राओं को लैपटॉप और 100 टॉपर एससी/एसटी छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किया गया। किसानों को 42 हजार 565 करोड़ ट्रांसफर किए




प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना दिसम्बर 2018 से संचालित है। योजना के तहत 2.55 करोड़ किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्मय से 42 हजार 565 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना 14 सितम्बर 2019 से लागू की गई है। 119.30 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्ष 2021 2022 में 99.80 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया है। वर्ष 2022–2023 में 119.30 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य है। बाबू जी कल्याण सिंह स्ट्रीट लाइट योजना शुरू होगी वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि बाबू जी कल्याण सिंह स्ट्रीट लाइट योजना शुरू होगी। निराश्रित महिला पेंशन बढ़ाकर 1000 रुपये की गई। दिव्यांग भरण पोषण राशि बढ़ाकर 1000 रुपये की गई। संत पुरोहितों के लिए बोर्ड के गठन के लिए 1 करोड़, लघु सिंचाई योजना के लिए 1000 करोड़ और कोविड में अनाथ बच्चों के लिए 4 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। बिजली में रीवैम्प के लिए 31 हजार करोड़ का बजट वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे, डिफेंस कॉरिडोर के किनारे विकास कार्य होंगे। बिजली में रीवैम्प के लिए 31 हजार करोड़ का बजट रखा गया है। वृद्धावस्था पेंशन 500 से बढ़ाकर 1000 की गई है। 14 मेडिकल कॉलेजों को 2100 करोड़ का बजट रखा गया है। मेरठ–प्रयागराज गंगा एक्सप्रेस–वे के लिए 695 करोड़ मेरठ–प्रयागराज गंगा एक्सप्रेस–वे के लिए 695 करोड़ का बजट है। पीडब्लूडी की सड़कों के लिए 18500 करोड़ का बजट रखा गया है। काशी विश्वनाथ राजघाट पुल के लिए 500 करोड़ के बजट की व्यवस्था रखी गई है। बाढ़ नियंत्रण के लिए 2700 करोड़ का बजट रखा गया है। नमामि गंगे में जल जीवन मिशन को 19500 करोड़ का बजट प्रस्तावित है। सरकार ने बच्चों के मुद्दों पर दिया विशेष ध्यान उत्तर प्रदेश सरकार ने बच्चों के मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया है। इसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है। दस्तक कार्यक्रम इस सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है जिसके परिणामस्वरूप सभी क्षेत्रों में बच्चों की मृत्यु में बड़ी कमी आई है। सिक एंड न्यूबॉर्न करते हुए सरकार ने पिछले पांच साल में प्रति वर्ष एक लाख से ज्यादा मृत्यु को रोका है।

## पुलिस चेकिंग के दौरान दस हजार का इनामी अपराधी नफीस अहमद को किया गया गिरफ्तार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बघौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी शातिर अपराधी एवं गैंग सरगना नफीस अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी खजांची टोला थाना कोतवाली शहर जोकि 10000 का इनामिया था उसे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार कर लिया प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बघौली संतोष गंगवार अपने मय फोर्स के साथ बघौली चौराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया जिसके बाद उसकी जामा तलाशी के दौरान उसके पास से 110 ग्राम नशीला पाउडर बरामद हुआ कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नफीस अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी खजांची टोला थाना कोतवाली शहर बताया उक्त अभियुक्त को पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी जिस पर 10000 का इनाम भी घोषित था अभियुक्त नफीस




अहमद से जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना एक गैंग होने की बात कबूल की है जिसमें ओम नारायण कश्यप उर्फ गोलू कश्यप विकास जायसवाल उर्फ निप्पी व छोटू कश्यप उर्फ करिया गैंग के सक्रिय सदस्य हैं अभियुक्त नफीस पर विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं के तहत कई मुकदमा पंजीकृत हैं तथा अभियुक्त नफीस की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना बघौली पर मुकदमा अपराध संख्या 188 / 2022 धारा 8 / 21 एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## थाना सरायख्वाजा पुलिस ने भुत प्रेत के मामले मे दो पक्षों में मारपीट : एक व्यक्ति की मृत्यु के 06 आरोपीयों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना सरायख्वाजा क्षेत्रार्गत दिनाक 25.05.2022 को ग्राम पोटरिया मे राजभर बस्ती मे भुत प्रेत की बात को लेकर दो पक्षो प्रथम पक्ष सुरेन्द्र कुमार राजभर पुत्र रामबचन राजभर 2.रामबचन राजभर पुत्र विशुन राजभर 3.अनिल राजभर पुत्र रामबचन राजभर व रगीता पत्नी सुरेन्द्र कुमार राजभर निवासी पोटरिया थाना सरायख्वाजा जिला जौनपुर व द्वितीय पक्ष के 1.नरेश पुत्र खेलावन 2.रवि पुत्र नरेश 3.अनिल पुत्र रामपलट 4.अच्छेलाल पुत्र नरेश 5.विरेन्द्र पुत्र रामअचल 6.निर्मला पत्नी नरेश 7.अखिलेश पुत्र विनोद 8. नन्दलाल पुत्र खेलावन 9.रमेश पुत्र खेलावन निवासीगण पोटरिया थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के बीच भूत प्रेत के चक्कर मे आपस मे मारपीट हुई थी जिसमे प्रथम पक्ष के रामबचन राजभर पुत्र विशुन राजभर की इलाज के दौरान जिला अस्पताल जौनपुर मे मृत्यु हो गयी मृतक रामबचन के लङके सुरेन्द्र कुमार राजभर के तहरीर पर मु0अ0स0 178/22 धारा 147,149,323,504,506,304 भा0द0वि0 बनाम 1.नरेश पुत्र खेलावन 2.रवि पुत्र



नरेश 3.अनिल पुत्र रामपलट 4.अच्छेलाल पुत्र नरेश 5.विरेन्द्र पुत्र रामअचल 6.निर्मला पत्नी नरेश 7.अखिलेश पुत्र विनोद 8. नन्दलाल पुत्र खेलावन 9. रमेश पुत्र खेलावन निवासीगण पोटरिया थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर पजीकृत किया गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम व पता– 1.नरेश पुत्र खेलावन ि2.रवि पुत्र नरेश निवासी पोटरिया थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 3. अनिल पुत्र रामपलट ।4.अच्छेलाल पुत्र नरेश 5.विरेन्द्र पुत्र रामअचल 6. .रमेश पुत्र खेलावन निवासी पोटरिया थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

## थाना सुजानगंज पुलिस द्वारा शातिर अपराधी हिस्ट्रीशीटर पवन उर्फ संजय एक नाजायज देशी तमन्चा 315 बोर व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध संघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के पर्यवेक्षण में दिनांक 25.05.2022 को मुखबीर की सूचना पर शातिर अपराधी थाने का हिस्ट्री शीटर पवन उर्फ शिवम उर्फ संजय पुत्र श्री बैरागी लाल निवासी ग्राम पढुआ थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 25 वर्ष को पढुआ तिराहा से समय करीब 21.35 बजे रात्रि में एक नाजायज देशी तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। तथा उक्त गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 94/2022 धारा 3/25 A.Act का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण– 1. पवन उर्फ शिवम उर्फ संजय पुत्र श्री बैरागी लाल निवासी ग्राम पढुआ थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरणः– 1. एक देशी तमन्चा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर। अभियुक्त अपराधिक इतिहासः– 1.मु0अ0सं0 94/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 121/2018 धारा 379 भादवि0 थाना अमिनाबाद लखनऊ 3.मु0अ0सं0 176/2019 धारा 147/323/504/506/353/332/427 भादवि0 थाना



सुजानगंज जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0सं0 177/2019 धारा 419/420/467/468/471/411 भादवि0 थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 5. मु0अ0सं0 14/2019 धारा 342/379/328/411/511 भादवि0 थाना कोतवाली अजोध्या गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. प्रभारी निरीक्षक श्री कृष्ण कुमार सिंह थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री मंजीत कुमार ,का0 अनिल कुमार,का0 शिवम गुप्ता थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में सजीव प्रसारण देखते हुए व्यापारियों ने की बजट पर चर्चा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में "बजट चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ । संगठन के पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश किए जा रहे बजट का सजीव प्रसारण देखा तथा बजट पर चर्चा की । बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा प्रदेश सरकार बजट में व्यापारियों को भूल गई जबकि व्यापारियों ने सरकार के राजस्व की वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाई तथा जीएसटी कलेक्शन में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया जिसके परिणाम स्वरूप जीएसटी कलेक्शन ऐतिहासिक रूप से बढा है संजय गुप्ता ने कहा व्यापारियों को वित्त मंत्री द्वारा "ई–कॉमर्स पॉलिसी" की घोषणा तथा "व्यापारी स्वास्थ्य बीमा योजना" की उम्मीद थी तथा प्रदेश के महानगरों की प्रमुख बाजारों में "सीसीटीवी कैमरा योजना" की भी उम्मीद थी क्योंकि मुख्यमंत्री जी ने कुछ दिनों पूर्व व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की थी व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहां वित्त मंत्री द्वारा महिला सुरक्षा, चिकित्सा ,सड़क, एयरपोर्ट आदि क्षेत्रों में बेहतर प्रयास किया गया है जिसके कारण अप्रत्यक्ष रूप से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने कहा ओडीओपी योजना को बढ़ावा देने से व्यापारियों को लाभ होगा संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए



कहा वित्त मंत्री जी द्वारा सेफ सिटी परियोजना तथा बुनकरों के लिए की गई घोषणाएं स्वागत योग्य है कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ,खुर्रम नगर अध्यक्ष उमेश संवाल,रहीम नगर अध्यक्ष मसी उजमा गांधी, सर्वोदय नगर अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान, महामंत्री के के शर्मा ,भूतनाथ मार्केट अध्यक्ष कमल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, उपाध्यक्ष सौरभ अरोरा, ट्रांस गोमती उपाध्यक्ष राजाराम रावत, प्रवीण मिश्रा ,विवेक श्रीवास्तव ,उदय कांत श्रीवास्तव ,ज्ञानेंद्र उपाध्याय सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## आवश्यक सूचना : गुमशुदा की तलाश

सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र अमरनाथ पाण्डेय ग्राम आनापुर थाना महाराजगंज जौनपुर जिनका कद साढ़े पांच फुट रंग गेहुआ चेहरा नाक लम्बी आंख कान औसत सफेद नीली धारीदार शर्ट तथा नीला लोवर पहनें हुए हैं, उनकी अवस्था लगभग 45 वर्ष बाल दाढ़ी सफेद हो चुका है ये दिनांक 23 मई 2022 को लोहिन्दा



चौराहा से शाम 5 बजे घर की ओर जा रहे थे किन्तु घर नही पहुंचे मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और शान्त स्वभाव के व्यक्ति हैं जिस किसी को दिखाई पड़ें कृपया उपरोक्त पते पर पहुचानें या निम्न फोन नम्बर पर सूचना देने की कृपा करें।

सम्पर्क सूत्र –7275039729, 8052286097, 9120188769

जनहित में प्रकाशित

## डा.अखंड प्रताप सिंह को हैती अमेरिका से मिली डीएससी की उपाधि

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हैती. मीडिया नाऊ, लखनऊ, इंडिया के एडिटर इन चीफ डा.अखंड प्रताप सिंह को थियोफेनी यूनिवर्सिटी, हैती ने प्लांट साइंस (बॉटनी) में डॉक्टर ऑफ साइंस (डीएससी) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया है। अखंड प्रताप सिंह ने दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी से प्रथम



श्रेणी में परस्नातक की उपाधि हासिल की थी. इसके बाद पिछले साल उन्हें अमेरिका, ब्राजील, बांग्लादेश सहित कई देशों ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया था। अखंड प्रताप सिंह मीडिया के क्षेत्र में पिछले तीन दशकों से अमर उजाला, इंडियन एक्सप्रेस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के वरिष्ठतम पदों पर काम कर चुके हैं और उसके बाद प्रतिष्ठित शुक्रवार पत्रिका के प्रबंध संपादक और संपादक और चर्चित पत्रिका किसान सरोकार के संपादक के पद पर भी रह चुके हैं. पिछले 2 वर्षों से वह चर्चित न्यूज पोर्टल मीडिया नाऊ और मीडिया नाऊ पेज3 के एडिटर इन चीफ के पद पर कार्य कर रहे हैं। अखंड प्रताप सिंह शीघ्र ही मीडिया नाऊ के नाम से एक बहुआयामी न्यूज यू ट्यूब चौनल की शुरुआत करने जा रहे हैं. एक बातचीत में अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि शीघ्र ही वो दैनिक और साप्ताहिक समाचार पत्र का प्रकाशन भी शुरू करने वाले हैं जिसकी कार्यवाही चल रही है. उन्होंने अपने शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## शिव सत्संग मंडल का शिवोत्सव नरसियामऊ 27 मई को

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल का शिवोत्सव 27 मई को थाना पाली के ग्राम नरसियामऊ में सायं 08 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक राम निवास ने बताया कि इस धर्मोत्सव में मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक,प्रवचनकर्ता राजेश पाण्डेय, डॉक्टर कालिका प्रसाद,यमुना प्रसाद,प्रचारक प्रेम भाई,रवि कुमार वर्मा,राम अवतार,रवि लाल के अलावा भजनोपदेशक श्रीकृष्ण,राम चन्द्र आदि



सम्मिलित रहेंगे ।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर मुरारी लाल गुप्ता होंगे। केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना एवं मोहित राजपूत के संयुक्त संचालन में होने वाले इस शिवोत्सव में सात्विक प्रवृत्ति के धर्म प्रेमीजनों, सत्संगी बंधुओं एवं बहनों को आमंत्रित किया गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
श्रेष्ठता जन्म से नहीं, गुणों से होती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# मोदी सरकार की कामयाबी और भरोसे के आठ साल

26 मई, 2014 को नरेंद्र मोदी ने जब पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, तब वह भारतीय राजनीति का एक अनूठा मोड़ था। लोगों ने उन पर बार–बार विश्वास जताया है, लेकिन आने वाले दिनों में लोगों की आस जीवन–यापन के कुछ मूलभूत मुद्दों पर टिकी है।

वर्ष 2014 में 26 मई के दिन नरेंद्र मोदी ने जब राष्ट्रपति भवन के परिसर में पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, तब वह भारतीय राजनीति का एक अनूठा मोड़ था। भाजपा पहली बार अपने दम पर सरकार बनाकर एक गैर–कांग्रेसी राजनीतिक व्यवस्था स्थापित कर रही थी। नरेंद्र मोदी को देश की सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाने में उनके गुजरात विकास मॉडल की प्रमुख भूमिका रही। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने उद्योग और कृषि, दोनों के लिए सुचारू व्यवस्था की थी।

लोकतंत्र में राजनीतिक परिवर्तन खासा महत्व रखता है, क्योंकि जनता यह आस लगाती है कि नई सत्ता उसकी आवाज सुनेगी और उसकी मांग मानी जाएगी। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में ही 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' का नारा दिया। भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहिष्णुता, पुराने कानूनों का खात्मा और लोकोन्मुखी नीतियों की बदौलत उन्होंने जनता का ऐसा भरोसा हासिल किया कि नोटबंदी जैसे कठोर फैसले का भी आम लोगों ने कोई खास विरोध नहीं किया, जबकि नोटबंदी के चलते आम लोगों को कुछ दिनों तक भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। कुछ खास वर्गों ने इसका विरोध जरूर किया था, पर आम जनता इस बात से खुश थी कि प्रधानमंत्री ने गरीब और अमीर को एक कतार में लाकर खड़ा कर दिया।

इसके अलावा, आर्थिक सुधार के मोर्चे पर मोदी सरकार ने एक दशक से लटके जीएसटी कानून को लागू किया, जिससे उद्योग जगत में यह संदेश गया कि 'नीतिगत अपंगता' का युग अब खत्म हो गया है। बेशक इसे लागू करने में शुरू में कुछ समस्याएं हुईं, कई संशोधन करने पड़े, पर मोदी एक अच्छी आर्थिक सुधार नीति को लागू करने से डरे नहीं। अब कथनी नहीं, करनी पर जोर था। 'न खाऊंगा और न खाने दूंगा' वाली छवि पर लोगों का भरोसा बढ़ा। मोदी सरकार के किसी भी मंत्री पर अभी तक भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है।

देश और जनहित में निरंतर साहसिक फैसले लेने की गति नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में भी जारी है। दूसरी पारी में इस सरकार ने संविधान के अनुच्छेद–370 और 35 ए को खत्म कर जहां कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया, वहीं राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटकर लंबे समय से उपेक्षित लद्दाख के साथ राजनीतिक न्याय किया। कश्मीर के मसले पर जनसंघ का एक ऐतिहासिक स्टैंड रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी का कश्मीर के मुद्दे पर ही लड़ते हुए नजरबंदी में निधन हुआ था। अनुच्छेद–370 को निरस्त कर पार्टी ने इस मामले में अपनी ऐतिहासिक प्रतिबद्धता ही दोहराई। हालांकि इस फैसले का काफी विरोध हुआ, पर मोदी सरकार ने इसे सख्त अंदाज में लागू किया। पाकिस्तान और चीन, दोनों से भारत की युद्ध जैसी स्थिति बनी, लेकिन मजबूती के साथ सरकार ने इन चुनौतियों का सामना किया।

दूसरे कार्यकाल की अन्य उपलब्धियों में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की शुरुआत, जल निकायों के विकास और कायाकल्प के लिए अमृत सरोवर की पहल, मनरेगा दिवस को दोगुना करने, तीन तलाक कानून को राष्ट्रपति से मंजूरी दिलाने, नागरिकता संशोधन कानून पारित करने, और इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास शामिल हैं।

किसान सम्मान निधि और मृदा जांच जैसी पहल के बावजूद कृषि क्षेत्र का संकट हालांकि बरकरार रहा और राजस्थान, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र में भाजपा सरकार नहीं बना पाई। लेकिन मोदी कभी हार नहीं मानते और सतत चुनाव प्रचार की बागडोर अपने हाथों से संभालते हैं, क्योंकि वह जानते हैं कि लोकतंत्र में चुनावी सफलता बहुत मायने रखती है।

विदेश नीति के मामले में भी मोदी सरकार के हिस्से में कई सफलताएं हैं। पहली बार शपथ ग्रहण के दौरान ही उन्होंने पड़ोसी देशों के राष्ट्र प्रमुखों को आमंत्रित कर 'पड़ोसी प्रथम' की नीति का आगाज किया और लुक ईस्ट पर जोर दिया था। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे से मोदी की अच्छी मित्रता रही। बदले हुए वैश्विक माहौल में भारत और जापान के बेहतर रिश्ते अब क्वाड की राजनीति में भी महत्वपूर्ण हो गए हैं। हिंद–प्रशांत क्षेत्र और सीमा पर चीन से तनातनी की स्थिति में अमेरिका भारत का प्रमुख साझेदार बन गया है। अब भारत एक कमजोर और पिछलग्गू देश नहीं है, जो किसी की दया पर निर्भर हो। रूस के साथ भारत के दशकों पुराने ऐतिहासिक रिश्ते रहे हैं, इसलिए इस मामले में भारत अमेरिका की भी नहीं सुनता। अपनी स्वतंत्र और दृढ़ विदेश नीति से भारत ने वैश्विक राजनीति में अपनी खास जगह बनाई है।

हमारी घरेलू दिक्कतें बहुत हैं। देश में गरीबी ज्यादा है, ज्यादातर लोग कृषि पर निर्भर हैं। जबकि कृषि में आय बहुत कम है, जीडीपी में कृषि का योगदान भी कम होता गया है। लागत बढ़ने के कारण कृषि मुनाफे का सौदा नहीं रह गई है, इसलिए लोग कृषि क्षेत्र से पलायन करने लगे हैं। लेकिन अन्य क्षेत्रों में रोजगार के लिए जिस कौशल की जरूरत है, वैसा हमारे यहां नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने कौशल विकास कार्यक्रम चलाया। अगर भारत को चीन से आर्थिक प्रतिस्पर्धा करनी है, तो अपने श्रमिकों को शिक्षा एवं हुनर से लैस करना होगा। रोजगार का न बढ़ना ही मोदी सरकार की बड़ी विफलताओं में है।

कोविड ने समाज और सरकार को ही नहीं, अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचाया। इसने लाखों लोगों की नौकरी छीन ली। इस संकट से राष्ट्र धीरे–धीरे उबरने लगा था कि यूक्रेन पर रूसी हमले ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक बड़ा झटका दिया। तेल की कीमतें आसमान छूने लगीं, जिससे महंगाई दर काफी बढ़ गई। हालांकि चीन से मोहभंग की स्थिति में अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत आने की संभावना बनी है। 'मेक इन इंडिया' नीति से भारत में उत्पादन भी बढ़ेगा। यह देखने वाली बात होगी कि आने वाले दिनों में मोदी सरकार बेरोजगारी और महंगाई जैसी चुनौतियों से कैसे निपटती है। लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी पर बार–बार विश्वास जताया है, लेकिन आने वाले दिनों में लोगों की आस जीवन–यापन के कुछ मूलभूत मुद्दों पर टिकी है। आसमान की ऊंचाइयों को छूने के साथ जमीनी धरातल पर उसे तब्दील करना ही मोदी सरकार की सबसे बड़ी चुनौती भी है और सबसे बड़ा सपना भी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन पर चल रही प्रदर्शनी खत्म होने के कगार पर



लखनऊ पत्रकार मृत्युन्जय प्रताप सिंहः : अपने अंतिम और 5वें दिन के लिए वॉश आर्ट तकनीक की कला कार्यशाला वंचित बच्चों को सिखाने के लिए की गई थी कि तकनीक कैसे काम करती है, साथ ही डॉ नंदिनी (एमिटी विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर और नैदानिक घ्घ्घ्मनोवैज्ञानिक) द्वारा करियर परामर्श पर एक दिलचस्प सेशन हुआ। नेहा माथुर (इवेंटलोप की संस्थापक ।पक) ने कहा – ''हम कुछ ऐसा व्यवस्थित करना चाहते थे जहां बच्चे वास्तव में सीख सकें, बढ़ सकें और खोज सकें कि उन्हें क्या पसंद है। असली प्रतिभा उन जगहों पर होती है, जिन्हें हम आम तौर पर नजरअंदाज कर देते हैं। हमें उम्मीद है कि इस तरह की प्रदर्शनी इन बच्चों को उजागर करने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में मदद करेगी।'' बाद में विक्की यूपी एंटरटेनमेंट और मीडिया काउंसिल के सदस्यों के साथ एक सत्र कार्यक्रम में पहुंचा और बच्चों के साथ बातचीत की। प्रियदर्शी शास्त्री (सोशियोटैब के सह–संस्थापक) ने कहा– ''प्रदर्शनी के पीछे मुख्य उद्देश्य यह बताना था कि वॉश आर्ट तकनीक विशेष रूप से उन बच्चों के लिए कैसे काम करती है जिनके पास उचित संसाधनों तक पहुंच नहीं पाते। बढ़ती उम्र में खुद की देखभाल कैसे करें, इस बारे में जागरूक करने के लिए मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। हम चाहते हैं कि बच्चे गर्मियों में एक अच्छा समय बिताएं क्योंकि स्कूल आधिकारिक तौर पर बंद रहते हैं और अपनी छिपी प्रतिभा की खोज करते रहे। इसकी अंतिम गतिविधि के लिए सभी बच्चों ने मुफ्त मेट्रो की सवारी का आनंद लिया। 5 दिवसीय आयोजन को WICCI UP एंटरटेनमेंट एंड मीडिया काउंसिल, खरे फाइनेंशियल सर्विसेज और व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन (ब्ब्।) द्वारा बच्चों के लिए जलपान प्रदान करके और उद्घाटन समारोह के लिए विभिन्न संगीत कलाकारों की व्यवस्था द्वारा समर्थित किया गया।

## राशन कार्ड सेरेंडर व राशन रिकवरी के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बुधवार को प्रदेश भर में शासन के निर्देश पर हो रहे राशन कार्ड के समर्पण व रिकवरी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया । जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से जुलूस निकालकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया ।दरअसल यह मामला है सुल्तानपुर का जहां जिले में राशन कार्ड के समर्पण के विरोध में कांग्रेसी सड़क पर उतर आए । यहां राणा ने बताया बीते वर्ष कोरोना काल में जब पूरे प्रदेश में लाक डाउन था । सरकार ने गरीब जरूरतमंदों के जीवन यापन को लेकर महीने में दो बार राशन देने का ऐलान किया था । जो बीते वर्ष नवंबर माह तक चलता रहा । सरकार ने चुनावी लाभ लेने के लिए इस वितरण को 31 मार्च 2022 तक बढ़ा दिया था, चुनाव में मुफ्त राशन बांट कर भाजपा ने सरकार बना ली। सरकार बनने के बाद राशन कार्ड समर्पण को लेकर पात्रों व राशन कार्ड धारकों से राशन की रिकवरी के लिए दहशत फैला दी। जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी के लोग आज सड़क पर उतरे हैं, बुलडोजर के डर से गरीब लोग अपना राशनकार्ड सरेंडर कर रहे हैं,



यदि पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बहाल नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन होगा । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा, शहर अध्यक्ष नौशाद हुसैन खान, वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी , उपाध्यक्ष तेज बहादुर पाठक ,प्रवक्ता अमोल बाजपेयी , नफीस फारुकी, सेवादल के प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुब्रत सिंह सनी, छैन्प् अध्यक्ष मानस तिवारी, सुरेन्द्र शुक्ल, राजदेव शुक्ल, समीर मिश्र,राजेश ओझा, काली सहाय सिंह, धर्म राज मिश्र,सुनील शर्मा, डीसी पाण्डेय, अतहर नवाब,चंद्रभान सिंह चुन्ना, नंदलाल मौर्या,राहुल मिश्र,कमर खान, मनीष तिवारी, इमरान अहमद ,सिराज अकेला, देवेन्द्र तिवारी,शहर उपाध्यक्ष अमित सिंह,ईमरान मोनू, अतिउल्ला अंसारी, शीतला प्रसाद साहू , इकरार अहमद, मोहसिन सलीम , मनोज कुमार शुक्ला, तौकीर ,उस्मान, मुईद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## केन्द्र सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर विकास तीर्थ बाइक रैली निकालेंगे युवा मोर्चा कार्यकर्ता

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : भाजपा युवा मोर्चा, महिला मोर्चा व पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की बैठक भाजपा जिला मुख्यालय पयागीपुर में आयोजित हुई। बैठक को भाजपा के प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शंकर गिरि ने संबोधित करते हुए मोदी सरकार के 8 साल पूरा होने पर युवा मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं महिला मोर्चा द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों व अभियानों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर एवं आजादी के 75 वीं वर्षगाँठ अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर 01 जून 2022 से 14 जून 2022 तक चलने वाले इस महाअभियान में भाजयुमो के जिम्मे मोदी सरकार के विकास कार्यों को जोड़ने हेतु 75 बाइकों के साथ डेढ़ सौ कार्यकर्ता विकास तीर्थ बाइक रैली निकालेंगे ।युवा मोर्चा के 150 कार्यकर्ता 75 बाईक से जिले का भ्रमण कर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रही परियोजना स्थल तक जाएंगे और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ एक जनसभा का भी आयोजन होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए. वर्मा ने युवा मोर्चा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा युवा मोर्चा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है ।युवा मोर्चा कार्यकर्ता गाँवों में युवा विकास चौपाल लगा कर भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताने का काम करेगी ।उन्होंने बताया कि विकास तीर्थ बाइक रैली 3 दिन की होगी



जिसमें 2 रात्रि प्रवास के होंगे ।यह रैली 7 जून से 13 जून के बीच आयोजित होगी। वही महिला मोर्चा की पदाधिकारी 5 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के साथ–साथ महिलाओं को सैनिटरी पैड व विटामिन की गोलियां वितरित करेगी ।पिछड़ा वर्ग मोर्चा 8 जून को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर वृक्षारोपण करेगा। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा अब मिशन 2024 के मोड में आ गई है। इसी कारण पार्टी केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं व उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी ताकत झोक रही है। विभिन्न बैठकों में जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी व संदीप सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष डा. रामजी गुप्ता सहित तीनों मोर्चो के जिला पदाधिकारियों की टीम मौजूद रही।

## चकरोड अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए ग्राम प्रधान को मिट्टी डलवाने हेतु सुपुर्द किया गया –राकेश सिंह

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) उपजिलाधिकारी सवायजपुर राकेश सिंह ने बताया है कि शासन की मंशानुरूप जिलाधिकारी अविनाश कुमार के निर्देशानुसार आज ग्राम मानीमऊ की चकरोड गाटा संख्या 312, 506 एवं 530 को पैमाइश कर अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए ग्राम प्रधान को मिट्टी डलवाने हेतु सुपुर्द किया गया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि अवैध कब्जों को हटाने के लिए अभियान जारी रहेगा। इसके साथ ही ग्राम भानपुर में खेल के मैदान हेतु भूमि का चिन्हांकन किया गया। चिन्हांकन किया गया, ग्राम रोशनपुर में पट्टेदार की भूमि गाटा संख्या 66 की पैमाईश का निस्तारण किया गया तथा ग्राम प्रधान खड़वा के प्रार्थना पत्र का निस्तारण करते हुए मौके पर चकरोड खुलवाई गयी। इस



दौरान राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की और कहा कि लोग अवैध कब्जा स्वयं हटा लें अन्यथा प्रशासन की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## धनंजय तिवारी के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिला प्रतिनिधि मंडल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष धनंजय तिवारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश पाठक जी के आवास पर मिला उनसे मिलकर मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश दिनांक 13 मई 2022 के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी व्याख्या के कारण उत्पन्न हो रही विसंगति के निराकरण हेतु माननीय मंत्री जी को एक ज्ञापन सौंपा गया और उस के माध्यम से विरोध किया गया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला पुरुष का क्षेत्र परिवर्तन उपकेंद्र बदलकर उनके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत ही किया जाए जैसा कि शासनादेश की मंशा है जबकि प्रदेश के सीएमओ द्वारा इस संवर्ग को क्षेत्र परिवर्तन के नाम पर स्थानांतरित किए जाने की व्यवस्था अपनाई जा रही है जिसके आधार पर इस संवर्ग का भयंकर शोषण अधिष्ठान देख रहे कर्मचारी के साथ–साथ सीएमओ द्वारा किए जाने की योजना है माननीय मंत्री जी द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि उनके प्रार्थना पत्र का संज्ञान मुख्यमंत्री को करा कर समस्या का निराकरण किया जाएगा आप लोग निश्चिंत रहिए हमारी सरकार पूरी तरह से अपने छोटे कर्मचारियों का ध्यान रख रही है उन्हें किसी भी प्रकार के शोषण का शिकार नहीं होने दिया जाएगा साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन की एक प्रति राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के महामंत्री अतुल मिश्र को भी सौंप कर समस्या का निराकरण कराने का आग्रह किया श्री मिश्र ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही अपर मुख्य सचिव से मिलकर स्वास्थ्य



कार्यकर्ता पुरुष महिला की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा इसी के साथ प्रतिनिधिमंडल ने संवर्ग की लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु एक ज्ञापन माननीय मंत्री जी की धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता पाठक को भी सौंपा श्रीमती पाठक ने कर्मचारियों की समस्या का न्यायोचित समाधान कराने में सहयोग देने का आश्वासन दिया संगठन के समस्त जनपद शाखाओं की एक आवश्यक बैठक 29 मई 2022 को दारुल सफा कामन हाल ए ब्लॉक में रखी गई है। फील्ड के कर्मचारियों का बिना कार्यालय बदले स्थानांतरण पर प्रशासन द्वारा रोक नहीं लगाई गई तो इस बैठक में सभी की सहमति से आगामी रणनीति पर विचार किया जाएगा श्री तिवारी ने सहृदयता पूर्वक कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने एवं मुख्यमंत्री से मिलकर यथा शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन देने के लिए उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को अपने संघ की तरफ से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

## ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु बैंक ऋण पर 35 प्रतिशत एकमुश्त अनुदान के अलावा 03 वर्षों तक ब्याज में भी छुट की सुविधा

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित ''प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम'' (PMEGP) के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम रू0 25.00 लाख तक के लागत की विभिन्न स्वरोजगार परक ग्रामोद्योगी नई इकाइयों की स्थापना हेतु बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा, जिसमे सामान्य वर्गके पुरूष लाभार्थी को कुल प्रोजेक्ट लागत का 10ः एवं आरक्षित वर्ग जैसे अनु0जाति/अनु0 जनजाति, पिछड़ावर्ग, अल्पसंख्यक, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक एवं महिलाओं को मात्र 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना होगा ।बैंक से कुल स्वीकृत ऋण पर सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थी को 25 प्रतिशत व अन्य सभी आरक्षित वर्ग को 35 प्रतिशत का एक मुश्त अनुदान के साथ ही स्व–अंशदान एवं एकमुश्त अनुदान को छोड़कर शेष बैंक ऋण पर 03 वर्षो तक बैंक द्वारा प्रभारित ब्याज की छुट की अतिरिक्त सुविधा भी अनुमन्य है। अतः ग्रामीण क्षेत्र के परम्परागत/प्रशिक्षित, बेरोजगार, नवयुवक/युवती आदि जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम न हो, www.kviconline.gov-in/pmegpeportal/jsp/pmegponline.jsp पोर्टल पर झटप्ठ एजेन्सी का चयन कर दिनॉक 06.06.2022 तक आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आनलाईन आवेदनकी प्रिन्टेड प्रति के साथ सभी प्रमाण पत्रों जैसे–आयु, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, अनुभव/प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, कार्यशाला/ कार्यस्थल का नजरी नक्शा (चौहद्दी सहित ग्राम प्रधान से प्रमाणित), आधार कार्ड, जनसंख्या प्रमाणपत्र आदि की छाया प्रतियां (हार्ड कापी), जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, विकास भवन, द्वितीय–तल गोरखपुर में दिनांक 08.06.2022 के सायं 5.00 बजे तक प्रत्येक दशा में जमा करें। विस्तृत जानकारी हेतु निम्न दूरभाष नम्बरों–05512201570, 9839634693, 9450885941, 7752884707 एवं 9839450978 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## डायरेक्टर प्रकाश झा और एक्टर दर्शन कुमार ने राजधानी में 'एक बदनाम आश्रम 3' को लांच किया

लखनऊ पत्रकार मृत्युन्जय प्रताप सिंहः : भारत के सबसे ज्यादा देखे और पसंद किए वेब शो आश्रम का तीसरा सीजन, तीन जून से एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होने जा रहा है। 160 मिलियन यूनिक यूजर्स द्वारा देखा और पसंद किया गया यह शो दर्शकों के बीच जबर्दस्त हिट रहा है और भारतीय ओटीटी पर अब तक की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी बन गया। एक बार फिर इस रोमांचक सोशल ड्रामा में बाबा निराला के रोल में बॉबी देओल पहले से ज्यादा तेजतर्रार और शातिर अवतार में वापसी कर रहे हैं, जो अपने हिसाब से हर नियम तय करते हैं और सत्ता के भूखे हैं। आश्रम 3 के प्रोड्यूसर एवं डायरेक्टर प्रकाश झा ने कहा, ''एमएक्स प्लेयर की टीम के साथ काम करना बड़ा खुशनुमा अनुभव था, जिन्होंने हमारे सभी फैसलों में हमारा साथ दिया। मुझे खुशी है कि हमें इतने अच्छे कास्ट मेंबर्स मिले, जिन्होंने इस शो में जान फूंक दी, और हमारे पास ऐसा क्रू था, जिन्होंने इस कहानी को सामने लाने में मदद की। मैं जहां भी जाता था, मुझसे एक सवाल पूछा जाता था – आश्रम का तीसरा सीजन कब आ रहा है? वैसे अब आप यह जान गए हैं। इस शो को बनाने से पहले बहुत रिसर्च की गई थी और अब जब यह शो जल्द आ रहा है, तो मुझे उम्मीद है कि सभी इसे पसंद करेंगे।'' इस शो में एक समर्पित पुलिस ऑफिसर उजागर सिंह का रोल निभा रहे दर्शन कुमार कहते हैं, '' मैं जानता हूं कि दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है और इसलिए हमने अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए वाकई बहुत मेहनत की है। 'एक बदनाम... आश्रम सीजन 3' एक मनोरंजक शो होने की हर जरूरत पूरी करता है, जिसमें राजनीति, अपराध और ड्रामा का बेमिसाल मिश्रण है। यह शो भारत में तेजी से पांव पसारते बाबाओं के वर्चस्व के इर्द–गिर्द घूमता है कि कैसे जनता धर्म के नाम पर आंख मूंदकर इन बाबाओं का अनुसरण करती है। भारत में बाबाओं के प्रति यह आकर्षण दशकों से चला आ रहा है। समाज के संभ्रांत लोगों और राजनेताओं के समर्थन के चलते इन स्वघोषित गुरुओं को किसी का डर नहीं होता। इन फर्जी गुरुओं के कत्ल और बलात्कार




जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त होने के बावजूद, लोग इनके भक्त बने रहते हैं। एक बदनाम... आश्रम 3, अहंकार में चूर बाबा निराला के काल्पनिक किरदार के जरिए एक झकझोर देने वाली कहानी सामने लाता है, जिसमें ये बाबा महिलाओं का शोषण करता है, ड्रग्स का व्यापार करता है और शहर की राजनीति पर पूरा नियंत्रण रखता है।'' इस बहुप्रतीक्षित शो के बारे में एमएक्स प्लेयर के चीफ कॉन्टेंट ऑफिसर गौतम तलवार ने कहा, ''मैं व्यक्तिगत तौर पर मैं कभी किसी बाबा से नहीं मिला। इस स्तर का शो बनाने के लिए बहुत वक्त, मेहनत, एनर्जी और लगन की जरूरत होती है। आश्रम के पहले 2 सीजन दर्शकों ने बहुत पसंद किए थे, जिसकी 160 मिलियन यूनिक यूजर्स की कुल दर्शक संख्या थी। इस सोशल ड्रामा को महाराष्ट्र और दिल्ली एनसीआर में 60 मिलियन यूजर्स से ज्यादा ने देखा। इसी तरह 'आश्रम सीजन 3' का ट्रेलर अपने लॉन्च के 6 घंटे के भीतर ही स्वाभाविक रूप से भारत में नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा था। इसका सबसे ज्यादा श्रेय जाता है, जहाज के कप्तान और द मैन विद द विशन प्रकाश झा को, जिन्होंने सभी किरदारों और इस कहानी में जान फूंक दी। प्रकाश झा के निर्देशन में बनी एमएक्स ओरिजिनल सीरीज आश्रम 3 में जाने–माने कलाकार हैं, जिनमें बॉबी देओल, आदिती पोहनकर, चंदन रॉय सान्याल, दर्शन कुमार, अनुप्रिया गोयनका, ईशा गुप्ता, सचिन श्रॉफ, अध्ययन सुमन, त्रिधा चौधरी, विक्रम कोचर, अनुरित्ता के झा, रुशद राणा, तन्मय रंजन, प्रीति सूद, राजीव सिद्धार्थ और जया सील घोष शामिल हैं। आश्रम 3 के सभी एपिसोड्स मुफ्त में तीन जून से एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम किया जा सकता है।

# अध्यापक के निधन पर शिक्षक संघ ने पत्नी को दी आर्थिक सहायता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटघर रामनगर में सहायक अध्यापक सूरज कुमार यादव का विगत दिनों गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया था। जिसके निधन पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ( सीधी भर्ती गणित / विज्ञान ) मृतक शिक्षक के पत्नी को आर्थिक मदद की। जानकारी के अनुसार कंधरपुर निवासी सहायक अध्यापक 34 वर्षीय सूरज कुमार यादव कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामनगर में तैनात थे। वह गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका काफी लंबा इलाज चला । विगत दिनों इलाज उनका निधन हो गया ।मृतक को एक पुत्र व एक पुत्री है। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व अटेवा के जिलामीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव के नेतृत्व में अन्य शिक्षक साथी सूरज कुमार के घर पहुंचे और उनकी पत्नी गीता देवी को एक लाख चालीस हजार का चेक दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केके यादव, धर्मपुर ब्लॉक अध्यक्ष मनीष यादव, कोषाध्यक्ष शशिराय मौजूद रहे।



शिक्षको ने संघ की ओर से मृतक की पत्नी गीता देवी को आश्वासन दिया उनका शिक्षक संघ आगे भी हर संभव सहयोग करता रहेगा। इस मौके पर केके यादव ने कहा कि वह सूरज बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे और उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं की लड़ाई में बहुत सहयोग दिया था। शशिराय ने कहा कि शिक्षक संघ के समस्या में उनके संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। जिला अध्यक्ष इंदु प्रकाश ने कहा कि सूरज ने शिक्षा जगत में भी बहुत बड़ा योगदान दिया है और वह मेहनत लगन पर ही भरोसा करते थे।

# महिला स्वावलम्बन व महिलाओं की समस्या पर विस्तृत रूप से की चर्चा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। वसुंधरा फाउंडेशन एवं आर०एम०डी० के अध्यक्ष श्रीमती सरोज प्रसाद पूर्व अध्यक्ष महिला कल्याण निगम एवं खाद्य एवं रसद आयोग सदस्य तथा भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष श्रीमती



सीता नेगी की अध्यक्षता में श्रीमती सरोज प्रसाद के आवास पर महिला सशक्तिकरण के तहत महिला स्वावलम्बन व महिलाओं की समस्या पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। रीना चौरसिया महामंत्री नगर, श्रीमती भारती द्विवेदी सदस्य कार्यसमिति नगर, नंदिनी मिश्रा, कमलेश श्रीवास्तव अधिवक्ता हाईकोर्ट, सविता शुक्ला, शीलमा श्रीवास्तव ,प्रतिभा शाही तथा मनोज कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

# भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने के लिए राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार देगा प्रधानमंत्री को ज्ञापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत में हिंदुत्व की रक्षा करने वाला संगठन राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार ने संकल्प लिया था योगी जी को पुनः मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष्य में गौयज्ञ एवं राम कथा का आयोजन किया जाएगा एवं 11 गौशालाओं का निर्माण कराया जाएगा जो राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार अपना काम कर रहा है। राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार ने भारतीय जनता पार्टी के पांचों प्रदेशों में समर्थन पत्र दिया था, और संगठन के पदाधिकारी निरंतर सक्रिय रहे ।सभी साधु–संतों व प्रदेश के गणमान्य नागरिकों तथा संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी व सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं के सहयोग से एवं विश्वास से अपने सनातन धर्म की रक्षा हेतु हम राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार की तरफ से हिंदू हृदय सम्राट योगी आदित्यनाथ के दोबारा से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने पर गौयज्ञ किए जाने का संकल्प लिया गया था जो कि आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से पूरा हो गया । राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार ने निरंतर भारतीय जनता पार्टी के लिए सक्रियता से कार्य किया। राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने के लिए राष्ट्रीय युवा वाहिनी के समस्त पदाधिकारीगण जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, राज्यपाल को



शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन देंगे। अगर इस पर भी कार्यवाही नहीं हुई तो राष्ट्रीय युवा वाहिनी के पदाधिकारी अन्न जल त्यागने के लिए मजबूर हो जाएंगे। जब से मैंने हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए अन्न का त्याग किया है मैं निरंतर भारत के कोने कोने में जाता हूं। शांतिपूर्ण तरीके से सनातन धर्म के लिए कार्य करता हूं। हमारी टीम सनातन धर्म के लिए कार्य करती है। सनातन धर्म को बचाएं एवं इस लड़ाई को अपनी लड़ाई समझकर अपना बेटा अपना मित्र समझकर के हमारा सहयोग करें और मार्गदर्शन करें।

# दो करोड़ की अवैध शराब के साथ तीन अंतर प्रान्तीय तस्कर गिरफ्तार : दो कंटेनर बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतर प्रांतीय शराबी तस्करी गिरोह के तीन सदस्यों को इलाहाबाद की एसटीएफ टीम ने बुधवार को जौनपुर के रामपुर थाना क्षेत्र के एस एन पब्लिक स्कूल संजय नगर से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 1970 पेटी विभिन्न कंपनियों की शराब शराब जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ आंकी गई है इनके पास से दो ट्रक कंटेनर भी बरामद किया गया है। एसटीएफ इलाहाबाद प्रभारी अतुल कुमार सिंह व थानाध्यक्ष रामपुर ओम नारायण सिंह को काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि हिमाचल प्रदेश से अवैध शराब लाकर झारखंड और उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में कई जगह भेजी जा रही है ।बुधवार को मुखबिर से मिली सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसटीएफ ने जाल बिछाकर इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों पंजाब व हरियाणा के रहने वाले हैं ।जो हिमाचल प्रदेश से शराब लाकर जौनपुर के रामपुर में विभिन्न जगहों पर अवैध तरीके से बेचते है। अभियुक्तों ने बताया कि हिमाचल प्रदेश से लाकर झारखंड उत्तर प्रदेश वह जौनपुर के सहित अन्य जिलों में सप्लाई करते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जौनपुर पुलिस और इलाहाबाद



एसटीएफ यूनिट की संयुक्त कार्रवाई से सफलता मिली है। 2 कंटेनर में करीब 1970 पेटी अवैध शराब जिसकी मार्केट की कीमत दो करोड़ बताई जा रही है। साथ ही तीन अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें से जतिन कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी डेरा बस्सी मोहाली पंजाब बंटी खान पुत्र पवन खान निवासी मंगलोई अंबाला हरियाणा और मिंटू सिंह पुत्र सतपाल सिंह निवासी ग्राम नयागांव कृष्णा कॉलोनी अंबाला हरियाणा के निवासी हैं। जो हिमाचल प्रदेश से निर्मित शराब को लाकर उत्तर प्रदेश होते हुए रांची बिहार समेत अन्य इलाकों में अवैध अंग्रेजी शराब की सप्लाई करते थे। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही करते हुए गैंगेस्टर की भी कार्रवाई आरोपियों पर की जाएगी।

## मानवाधिकार जनसेवा परिषद ने किया वृक्षारोपण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मानवाधिकार जनसेवा परिषद के सदस्यों ने खरगापुर के स्कन्द माता मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर औषधीय, फल–फूल जैसे गिलोय,



करी पत्ता, आम, गेंदा आदि के पौधे लगाए। मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, खरगापुर के प्रधान किरण प्रकाश विश्वकर्मा, नीलम मिश्रा, कुसुम वर्मा, शालिनी सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, बीना सिंह, भाजपा के मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र राय, शिव कुमार शुक्ल, संदीप, राम सहारे, आशीष राजपूत के साथ अन्य स्थानीय नागरिकों ने पौधरोपण किया। मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के शहरीकरण होने के कारण लगातार हरियाली कम हो रही है तथा मौसम का संतुलन बिगड़ गया है। पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण आज की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से आज खरगापुर में वृक्षारोपण कराया गया है। उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आगामी 5 जून को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर वृहद वृक्षारोपण कराया जायेगा।

# आर्यन पांडे बने "आयुष्मान भारत फाउंडेशन" के नए राष्ट्रीय मीडिया एंव सोशल मीडिया प्रभारी : शीर्ष नेतृत्व ने जताया विश्वास

महराजगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : भोजपुरी सिनेमा के स्टार प्रचारक व महाराजगंज क्षेत्र के चर्चित युवा नेता आर्यन पांडे एक बार फिर इन दिनों चर्चाओं का केंद्र बने हुए हैं। वजह है इनकी शक्सियत,जो आये दिन बढ़ती जा रही हैं। जिसका असर ये हुआ की आर्यन इतने कम उम्र में ही यूपी की राजनीती में एक मजबूत व नये चेहरे के तौर पर उभर रहे हैं। जिनकी चर्चाएं इन दिनों यूपी के राजनीतिक गलियारों में सुनाई पड़ने लगी है। आर्यन की बढ़ती लोकप्रियता व निस्वार्थ समाजसेवा को देखते हुए भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था आयुष्मान भारत फाउंडेशन ने आर्यन को राष्ट्रीय मीडिया व सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त कर दिया हैं। जिससे पता चलता हैं की शीर्ष नेतृत्व का आर्यन पांडे पर पूरा विश्वास हैं। तथा शीर्ष नेतृत्व ने ना सिर्फ यूपी में बल्कि पूरे उत्तर भारत में आर्यन का कद बढ़ाने का काम किया हैं। ''आयुष्मान भारत फाउंडेशन'' एक ऐसी संस्था हैं, जिसके जरिए हर साल हजारों लोगों की स्वास्थ व शिक्षा संबंधी सहायता की जाती हैं। तथा युवाओं के लिए प्रेरणा हैं की वह भी अपने गांव समाज के लिए कुछ बेहतर कर सकते है। आर्यन पांडे के राष्ट्रीय मीडिया व सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर कार्यरत होने पर आयुष्मान भारत फाउंडेशन के पदाधिकारियों के साथ साथ राजनीतिक दिग्गजों ने भी अपनी खुशी जाहिर की हैं और आर्यन को नये सफर के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। आप सभी को बता दूं की आर्यन पांडे शुरू से ही समाजीक कार्यों मे रूचि रखते हैं, जिसको देखते हुए "राष्ट्रीय गौ सेवा संघ" ने उन्हे महाराजगंज जिले का जिला संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया था,जो अपने आप मे एक उपलब्धि है। तथा आर्यन महाराजगंज जिले के प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार अभियान कला एवं संस्कृति प्रभाग के जिला अध्यक्ष भी हैं, साथ ही साथ वह ऑल इंडिया हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर भी कार्यत्त हैं । जो इनके उपलब्धियों का सुक्षम उदाहरण हैं। समाजिक कार्यों के साथ साथ आर्यन गौ सेवा भी करते हैं, जिससे समाज एक अच्छा संदेश जाए। दर्जनों



भोजपुरी फिल्मों में बतौर पीआरओ काम कर चुके और कर रहे आर्यन पांडे राजनिति मे भी मजबूत पकड़ रखते हैं। आर्यन पांडे ने बताया की मैं बहुत उत्साहित हूं इस नए जिम्मेदारी को ग्रहण करके,आशा करता हूं की मै राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमरनाथ दिवेदी जी के विश्वास पर खरा उतर अपनी जिम्मेदारीयां निभा पाऊंगा।

# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त वसीम अहमद 01 तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आपरेशन पाताल के तहत श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में दिनांक 25.05.22 को केरारबीर मन्दिर के पास से अभियुक्त वसीम अहमद पुत्र बरकतउल्ला उर्फ बाबू नि0 ख्वाजगी टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त वसीम अहमद उपरोक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर व एक.315 बोर का कारतूस बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 138/22 धारा– 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम– वसीम अहमद पुत्र बरकतउल्ला उर्फ बाबू नि0 ख्वाजगी टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– 1– वसीम अहमद पुत्र बरकतउल्ला उर्फ बाबू नि0 ख्वाजगी टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। अभियुक्त का



आपराधिक इतिहास– 1– मु0अ0सं0– 138/22 धारा– 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली,जौनपुर 2– मु0अ0सं0– 544/14 धारा– 3(1) उत्तर प्रदेश गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम, 1970 थाना कोतवाली,जौनपुर। 3– मु0अ0सं0– 849/13 धारा– 392 भा0द0वि0 थाना कोतवाली,जौनपुर। बरामदगी– 1. एक तमंचा .315 बोर व एक जिंदा कारतूस .315 बोर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1. उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय थाना कोतवाली जनपद जौनपुर 2. का0 राजनारायण यादव,का0 दिलीप कुमार प्रसाद,का0 शिवेन्द्र यादव थाना कोतवाली,जनपद जौनपुर।

# भारत भारती पार्टी ने उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर की चर्चा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत भारती पार्टी नरेंद्र सिंह द्वारा भारत भारती लखनऊ स्थित मुख्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश से आए अनेकों शिक्षकों से चर्चा हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित किया कहा की शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार ने सराहनीय प्रयास किया है––कर रही है––उत्तर प्रदेश में शिक्षा का स्तर लगभग 67 प्रतिशत है जो कि संतोषजनक है और निकट भविष्य में इसके और भी आगे बढ़ने की संभावना है। देश में उत्तर प्रदेश को देखते हुए अन्य राज्यों ने भी अपने यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को राज्य की नीति का प्रमुख आधार माना है । योग्य एवं आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने अभ्युदय कोचिंग की अवधारणा को



प्रदेशवासियों के समक्ष रखा है। जो सराहनीय प्रयास है अभ्युदय कोचिंग एक ऐसा सरकारी प्रयास है जो राज्य के खर्च पर हो रहा है। इससे यह बात स्वतः स्पष्ट हो जाती है उत्तर प्रदेश कल्याणकारी राज्य के रूप में कार्य कर रहा है अगर बात किया जाय तो मध्यकाल में भी फिरोजशाह तुगलक,अकबर आदि जैसे शासकों ने सरकारी खर्च पर ही अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लागू किया और इसी रूप में अकबर 'अकबर द ग्रेट' कहलाए। आज प्रदेश सरकार शिक्षा की अहमियत समझती है । युवाओं को अपनी नीति में शामिल करती है इसलिए उत्तर प्रदेश को एक साक्षर राज्य बनाना, युवाओं को रोजगार/ स्वरोजगार प्रदान कर यह दिखाना चाहती है कि वह अपने शासन में किस हद तक राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को शामिल कर रही है । यदि सरकार अपनी नीति में इन सामाजिक– आर्थिक निर्देशों को शामिल करती रहे तो निश्चित ही उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन सकेगा । और उत्तर प्रदेश राज्य एक युवा सरकार बनी रहेगी जो नए–नए अभिनवो/इनोवेशनो को अमल में लाती रहेगी। इस कार्य पर भारत भारती पार्टी प्रदेश सरकार की नीति को समर्थन करती है। इस बैठक में प्रदेश से आए विभिन्न जिलों के शिक्षकों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की बातों पर सहमति जताई इस क्रम में लखनऊ से प्रो विनोद पटेल, शुभम वर्मा, प्रीति साहू गाजियाबाद से प्रो अंजलि श्रीवास्तव अजय द्विवेदी, नोएडा से सतीश गुप्ता, आगरा से देवेंद्र चौहान, मुरादाबाद से प्रो अशोक कुमार शुक्ला, रामपुर से मो रहमान, महोबा से सुनील कुमार बाराबंकी से अजीत कुमार अयोध्या से प्रो पवन कुमार बस्ती से सोनम द्विवेदी गोरखपुर से प्रो हरीश मिश्रा, देवरिया से हरिश सिंह वाराणसी से प्रो पंडित हरिशंकर द्विवेदी अंबेडकर नगर से मनीष कुमार, गोंडा से मनीष त्रिपाठी बलरामपुर से प्रो रुचि कुमारीहरदोई से प्रो मनोज तिवारी, उन्नाव से प्रो दीपक रहेजा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# थाना केराकत पुलिस द्वारा नाजायज 60 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम के साथ अभियुक्त पुल्लु राम को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा प्र0नि0 केराकत संजय वर्मा के नेतृत्व मे उ0नि0 नान्हू यादव द्वारा मय हमराह पुलिस बल के मरी माता मंदिर तिराहा के पास से अभियुक्त पुल्लु राम पुत्र स्व0 मूसे राम नि0 मोहल्ला सिपाह थाना केराकत जनपद जौनपुर को 60 ग्राम नाजायज नशीला पाउडर डायजापाम के साथ दिनांक 25.05.22 को समय करीब 17.50 बजे रात्रि मे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 181/22 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट बनाम पुल्लु राम उपरोक्त के पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त– 1– पुल्लु राम पुत्र स्व0 मूसे राम नि0 मोहल्ला सिपाह



थाना केराकत जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1– मु0अ0सं0 181/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–1. उ0नि0 नान्हू यादव, का0 प्रभाकर यादव, का0 देवेन्द्र पाल थाना केराकत जनपद जौनपुर।

## थाना केराकत पुलिस द्वारा नाजायज एक तमंचा 315 बोर मय कारतूस के साथ अभियुक्त विश्वजीत निषाद को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत पुलिस द्वारा द्वारा देवकली पोखरा के पास से अभियुक्त विश्वजीत निषाद पुत्र दशरथ निषाद नि0 ग्राम बेलाव थाना केराकत जनपद जौनपुर को एक नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस के साथ दिनांक 25.05.22 को समय करीब 22.05 बजे रात्रि मे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 183ध्22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम विश्वजीत निषाद उपरोक्त के पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया । पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0 183/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना केराकत जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्त– 1– विश्वजीत निषाद पुत्र



दशरथ निषाद नि0 ग्राम बेलाव थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1. उ0नि0 विनित मोहन पाठक, हे0का0 सुशील यादव, हे0का0 सुनील यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर।

# माई वर्थ कार्यक्रम के माध्यम से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन सप्ताह समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था व एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से लैंगिक समानता पर आधारित माई वर्थ कार्यक्रम लखनऊ जनपद के 14 पूर्व माध्यमिक विद्यालय व 6 राजकीय इंटर कॉलेजों में संचालित किया जा रहा है। माई वर्थ कार्यक्रम के माध्यम से माहवारी स्वच्छता प्रबंधान सप्ताह समारोह के अंतर्गत माई वर्थ कार्यक्रम की माध्यम से 6 पूर्व माध्यमिक विद्यालय ( मलेशेमऊ, खरगापुर,चिनहट कन्या, चिनहट बालक, गाजीपुर बस्तौली, चांदन) की 14 समुदायों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के विषय में निम्न गतिविधियों के माध्यम से (जन जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग, वन टू वन जागरूकता, स्लोगन लेखन, अभिभावक बैठक आदि) के माध्यम से लगभग 2538 बच्चों व अभिभावकों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के विषय में जो भी भ्रांतियां व भ्रम, था वह दूर हुआ और उन्हें सही व पूर्ण जानकारी मिली और माई वर्थ टीम के द्वारा माहवारी व प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर नजदीकी





स्वास्थ्य केंद्र व हेल्पलाइन नंबर बच्चों व अभिभावकों को बताए गए। इस कार्यक्रम के दौरान माई वर्थ टीम के पीयर लीडर व समुदाय के स्टेक होल्डर (श्रीमती कुसुम मिश्रा, श्रीमती राजेश्वरी जी, श्रीमती अनीता देवी, श्रीमती संगीता देवी आदि) तथा माई वर्थ टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# युवा महाराणा सेना हिंदू राष्ट्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया विकास प्राधिकरण के लेखाधिकारी को सम्मानित

अयोध्या ब्यूरो : विकास प्राधिकरण के वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार सिंह को युवा महाराणा सेना हिंदू राष्ट्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह बबलू प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर उत्तम सिंह डॉक्टर नितिन वात्सल्य हॉस्पिटल गोसाईगंज के प्रबंधक श्याम शंकर शर्मा जिला महामंत्री अयोध्या भानु प्रताप सिंह आदि लोगों ने सफा पहना कर मनोज सिंह जी को सम्मानित किया एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण के समस्त कर्मचारियों का धन्यवाद दिया कि उन्होंने महाराणा प्रताप मैदान गुपतार घाट के सुंदरीकरण वृक्षारोपण एवं प्रकाश की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशानुसार सराहनीय कार्य गुणवत्ता के आधार पर कराया जा रहा है राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दिशा निर्देशानुसार अयोध्या में विकास की धारा बह रही है जिसका नेतृत्व जिलाधिकारी नीतीश कुमार जी के दिशा निर्देश में विकास प्राधिकरण नगर निगम आवास विकास प्राधिकरण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे जी ट्रैफिक पुलिस के सीओ राकेश तिवारी कर रहे हैं एक सराहनीय कार्य सीओ ट्रैफिक राकेश तिवारी की तरफ से किया जा रहा है जिससे अयोध्या की जनता को चौक नाका बाईपास देवकाली बाईपास आदि जगह जाने में जाम से छुटकारा मिलने लगा है इसके लिए राकेश तिवारी को युवा महाराणा सेना के पदाधिकारी सम्मानित करेंगे।

## राशन कार्ड धारको का अब गेहूं बंद : चावल से चलाना होगा काम

सुल्तानपुर।(अमित श्रीवास्तव क्राइम ब्यूरो सुल्तानपुर) सूत्र के मुताबिक वर्तमान समय में गेहूं के उत्पादन और सरकारी खरीद में भारी गिरावट की मार राशन कार्ड धारकों पर पड़ने जा रही है।जारी शासनादेश आने के बाद वितरण व्यवस्था में बदलाव हुआ है। राशन कार्ड धारकों को अब गेहूं की जगह चावल से पेट भरना पड़ेगा।प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना (पीएमजेकेवाई) के तहत मिलने वाले गेहूं को बंद कर सिर्फ चावल देने का आदेश आया है, जबकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत मिलने वाले राशन में गेहूं की कटौती की गई है। इस योजना के तहत अब प्रति यूनिट दो किलो गेहूं व तीन किलो चावल दिया जाएगा।इसका प्रभाव जनपद के चार लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों पर पड़ेगा।पीएमजेकेवाई और एनएफएसए के तहत राशन कार्ड धारकों को महीने में दो बार राशन दिया जाता है। दोनों ही योजना में गेहूं और चावल पूरी तरह निशुल्क दिया जाता था, लेकिन अब गेहूं की किल्लत को देखते हुए योजना में थोड़ा परिवर्तन किया गया है, जिसका सीधा असर गरीबों की थाली पर पड़ने जा



रहा है।पीएमजेकेवाई के तहत गरीबों को मिलने वाले गेहूं को पांच महीने के लिए सितंबर तक बंद कर दिया जाएगा। मई वाले राशन में प्रति यूनिट सिर्फ पांच किलो चावल ही मिलेगा, जबकि एनएफएसए के तहत राशन में कटौती की गई है। इस योजना के तहत अब तक प्रति यूनिट तीन किलो गेहूं व दो किलो चावल मिलता था, लेकिन जून से इसका रेशियो बदल जाएगा।दो किलो गेहूं और तीन किलो चावल दिया जाएगा।

# केस दर्ज कराने के लिए एड़िया घिस रहा है पीड़ित : दो जिलो की सीमा विवाद में उलझा मामला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पीड़ित के मुताबिक सड़क हादसे में युवक की मौत हो जाने के बाद मृतक युवक का भाई पिछले 4 दिनों से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए अयोध्या जिले के कोतवाली बीकापुर और सुल्तानपुर जनपद के कूरेभार थाने का चक्कर लगा रहा है।लेकिन पीड़ित के मुताबिक अभी तक पुलिस रिपोर्ट नहीं कर रही है।जो दोनों थाने की पुलिस सीमा विवाद में उलझी हुई है।पीड़ित बीकापुर कोतवाली अंतर्गत मोतीगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के जासरपुर भीतर गांव निवासी आशीष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि 17 मई को अपने बड़े भाई रंजीत सिंह के साथ बाइक से कूरेभार गया था।शाम करीब 6 बजे घर वापस लौट रहा था।प्रयागराज हाईवे पर जैसे ही वह सुल्तानपुर अयोध्या जनपद की सीमा प्रभु नगर चौरे बाजार के पास पहुंचा।सुल्तानपुर की तरफ से अयोध्या की तरफ जा रहे तेज रफ्तार डंपर वाहन ने अनियंत्रित होकर बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। और अज्ञात चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। लेकिन उन्होंने डंपर का नंबर नोट कर लिया। हादसे में बाइक पर पीछे बैठा उनका भाई रंजीत सिंह 30 वर्ष बाइक से नीचे गिर पड़ा। रंजीत के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई। गंभीर रूप से घायल रंजीत सिंह को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। जांच पड़ताल के बाद इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उनके भाई रंजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया।भाई का दाह संस्कार करने के बाद 18 मई को उनके द्वारा चौरे बाजार पुलिस चौकी में तहरीर दी गई। लेकिन पुलिस चौकी प्रभारी राहुल पांडे द्वारा घटनास्थल कूरेभार थाना क्षेत्र बताया गया। कूरेभार थाने पर जाने के बाद वहां थानाध्यक्ष द्वारा वापस बीकापुर कोतवाली भेज दिया गया। बताया कि कई बार चक्कर लगाने के बावजूद अभी तक रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई है।जबकि काफी अनुरोध के बाद रविवार सुबह कूरेभार थाने की पुलिस और चौरे बाजार चौकी प्रभारी राहुल पांडे द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर कर घटनास्थल सीमा की पड़ताल की गई।जिसमें घटनास्थल का क्षेत्र बीकापुर कोतवाली बताया गया है,वही पोस्टमार्टम बीकापुर कोतवाली द्वारा कराया गया।

## उत्तर प्रदेश २०२२–२३ का बजट कर्मचारियों के लिए निराशाजनक– इप्सेफ

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश २०२२–२३ का बजट कर्मचारियों के लिए निराशाजनक रहा है। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री वी पी मिश्र महासचिव श्री शशि कुमार मिश्र ने वित्त मंत्री द्वारा २०२२– २३ के लिए प्रस्तुत बजट पूर्णता निराशाजनक एवं हतोत्साहित करने वाला है। श्री वी पी मिश्र ने खेद व्यक्त किया है कि वेतन समिति पर निर्णय न लिए जाने से कई लाख आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल पाया है।नितांत आवश्यक है । श्री शशि कुमार मिश्र ने बताया कि स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के समवर्गों का पुनर्गठन ना होने से उन्हें सातवें वेतन आयोग का पूरी तरीके से लाभ नहीं मिल पाया है।दैनिक वेतन कर्मचारियों का विनियमितीकरण लंबित है।विकास प्राधिकरण एवं राजकीय निगम का भी यही हाल है।निगमों के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की किस्त, सेवानिवृत्त होने वाले को सेवानिवृत्ति लाभ आदि नहीं मिल रहा है। श्री अतुल मिश्रा महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ प्र एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोर्चा ने बताया कि राज्य कर्मचारियों को कैशलेस इलाज के प्रमाण पत्र नहीं मिल पाए हैं फ्रिज डी ए एवं नगर प्रतिकर भत्ता की बहाली नहीं हुई है।राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों से कर्मचारी नाराज एवं आक्रोशित है।मांगों पर जल्द निर्णय किया जाए।

# बिलरियागंज नगर पंचायत में पटरियों के अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर : मचा रहा हड़कंप

आजमगढ़ डीकेयू ब्यूरो : आजमगढ़ जनपद के सगड़ी एसडीएम राजीव रत्न सिंह के नेतृत्व में बुधवार को देर शाम तक बिलरियागंज नगर पंचायत के मुख्य सड़क मार्ग के पटरियों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, बिलरियागंज थाना प्रभारी विजय प्रकाश मौर्य बुलडोजर के साथ पहुंचकर मुख्य मार्ग की पटरियों को अतिक्रमणमुक्त करा दिया। अधिकांश दुकानदारों ने बुलडोजर के खौफ से अपनी दुकानों के सामने लगाए गए टीन शेड को स्वयं हटा लिया अतिक्रमण हटाओ अभियान से बाजार वासियों सहित राहगीरों ने राहत की सांस ली। मुख्य मार्ग की पटरियों पर कुछ लोगों ने जगह–जगह ठेला, पान की गुमटी, चाय–मीठा और सब्जी की दुकान खोलकर अतिक्रमण किया था। इससे आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती थी। अभियान शुरू करने से पहले नगर पंचायत प्रशासन ने व पुलिस प्रशासन ने लोगों को बता दिया था कि जो लोग आगे बढ़कर अतिक्रमण किए हुए हैं, वह उसे तत्काल हटा लें। इसका असर रहा कि बुलडोजर के खौफ से अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने लगाए गए टीनशेड को स्वयं हटा लिया या बुलडोजर के माध्यम से उसे हटा दिया गया । जिससे बिलरियागंज नगर पंचायत में हड़कंप मचा रहा । कही कही बिलरियागंज



कस्बे मे जो लोग नाली पर अतिक्रमण नही किए थे उनका भी क्षति पहुंचाई गई उप जिला अधिकारी के मना के बाद भी टाउन एरिया का बुलडोजर चलाया गया उसमे पुलिस प्रशासन भी मौजूद रही है, बाजार मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

# एडीजी,पीएसी उत्तर प्रदेश लखनऊ ने काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी पीएसी बटालियन वाराणसी पीआरओ के मुताबिक अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, उत्तर प्रदेश डॉ के०एस०प्रताप कुमार एवं पुलिस आयुक्त वाराणसी ए सतीश गणेश, आईपीएस द्वारा बुधवार को प्रातः संयुक्त रुप से विश्वनाथ मंदिर परिसर सुरक्षा व्यवस्था में व्यवस्थापित पीएसी बलों की विभिन्न टुकड़ियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।इस मौके पर उनके साथ 34 वी पीएसी बटालियन वाराणसी कमांडेंट आईपीएस डाक्टर राजीव नारायण मिश्र के साथ साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।उन्होने मंदिर परिसर में भ्रमण एवं निरीक्षण के बाद मंदिर परिसर सुरक्षा से संबंधित सभी अधिकारियों के साथ एक बैठक की।जिसमें परिसर सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी अधिकारियों की आवश्यक 'ब्रीफिंग' करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया।इस बैठक में डॉ राजीव नारायण मिश्र सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी के अलावा अनिल कुमार पाण्डेय सेनानायक 36वीं वाहिनी, अजय कुमार सिंह,अपर पुलिस उपायुक्त एवं अन्य अधिकारीगणों ने उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि काशी विश्वनाथ मंदिर सुरक्षा में लगी विभिन्न वाहिनियों के आवासीय स्थल 'सुरक्षा लाइंस' का भ्रमण एवं निरीक्षण अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, लखनऊ द्वारा एक दिन पूर्व किया गया था।निरीक्षण एवं भ्रमण



के दौरान सेनानायक 34वीं वाहिनी डॉ. राजीव नारायण मिश्र, अनिल कुमार पाण्डेय सेनानायक 36वीं वाहिनी नरेश यादव, सहायक सेनानायक एवं संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।वही काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के निरीक्षण के उपरांत अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी द्वारा 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया।इसके साथ ही साथ वाहिनी के जवानों का सैनिक सम्मेलन किया गया।इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी द्वारा संबोधन के दौरान जवानों को अनुशासित रहने एवं उत्कृष्ट आचरण प्रस्तुत करने के बारे में अवगत कराया गया।

# नंदीग्राम में बह रही कथा की रसधार, कथा श्रवण से मिट जाती सौ जन्म जन्म की व्यथा : रामानुजाचार्य

अयोध्या ब्यूरो : नंदीग्राम भरतकुंड पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा एवं महायज्ञ महोत्सव में पांचवे दिन बुधवार को कथा व्यास मानस मर्मज्ञ संत पं. रामानुजाचार्य ने सीता स्वयंवर की कथा सुनाई। जिसको सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। श्रीराम कथा के दौरान कथा व्यास ने श्री राम कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा, जय जय राम कथा, कथा श्रवण से मिट जाती सौ जन्म जन्म की व्यथा। जय जय राम कथा। कथा व्यास ने कहा कि अपने हृदय को अयोध्या बनाओ, प्रभु राम स्वयं आ जाएंगे। जो छल–कपट और छिद्र का त्याग कर देता है। वह प्रभु का कृपा पात्र बन जाता है। भगवान भरत की तपोस्थली नंदीग्राम भरतकुंड पर चल रही कथा में कथा व्यास रामानुजाचार्य ने कहा कि भगवान और महापुरुषों को जाति के आधार पर नहीं देखना चाहिए। महापुरुष राष्ट्र और समाज के धरोहर हैं। उनकी जाति का अपने स्वार्थ की राजनीति व लाभ उठाना पाप के समान है। कथा को आगे बढ़ाते हुए व्यास ने कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा था। उनके विशालकाय धनुष को कोई भी उठाने की क्षमता नहीं रखता था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते समय धनुष को उठाकर दूसरी जगह रखा। इसे देखकर जनक आश्चर्य चकित हुए, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का स्वयंवर होगा। कथाव्यास ने कहा कि इतने बड़े धनुष को भंग करने के बाद भी भगवान राम कहते हैं आपकी कृपा से आपके बल से ही वह धनुष किसी आपके सेवक ने ही तोड़ा होगा। जब भी जीवन में किसी बड़ी उपलब्धि पर मन में गर्व आए तो श्रीराम की विनम्रता को याद कर लेना। श्रीराम और श्रीकृष्ण दोनों में मात्र इतना अंतर है कि जहां श्रीकृष्ण अपने प्रभाव से जाने जाते हैं, वही श्रीराम अपने सरल शील स्वभाव से जाने जाते हैं। उन्होंने समाज में मर्यादाएं कायम की। राम का चरित्र हमारे लिए एक आचार संहिता के समान ही है जिसके सुनने से हमारा उत्थान और उन्नयन होता है। इसलिए प्रतिदिन श्रीरामचरितमानस का पाठ करना चाहिए। कथा व्यास ने कहा श्री राम को अपने अंतःकरण में उतार कर देखें आपका जीवन धन्य हो जाएगा। महोत्सव की व्यवस्थापक संत परमात्मा दास ने बतायाा कि आगामी 30 मई तक श्रीराम कथा की अमृत वर्षा होती रहेगी। श्रीराम कथा महोत्सव में मुख्य यजमान पवन पांडेय, उनकी पत्नी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय कुमारी पांडेय, महोत्सव के व्यवस्थापक श्रीभरत हनुमान मिलन मंदिर के पुजारी संत परमात्मा दास, समाजसेवी दिवाकर सिंह, रमाकांत द्विवेदी, सूर्य नारायण द्विवेदी, विनय पांडेय, अजय पांडेय, पुजारी संपूर्णानंद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दीवाल गिरने से हुए घायलों का विधायक ने जाना हाल : दी आर्थिक सहायता

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पुराय में बलराम यादव की पक्की दीवार तेज तूफान की वजह से ढह जाने से बलराम यादव के पड़ोसी रामकेवल यादव के परिवार के 3 सदस्य गंभीर रूप से चोटिल हो गए।जिनमे से रामकेवल यादव की पत्नी,उनका 20 वर्षीय पुत्र अंकुर यादव के साथ 10 वर्षीय नाती अनुज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।जिनका इलाज बाराबंकी के निजी हॉस्पिटल में चल रहा है।सूचना पर मंगलवार को रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने चल रहे विधानसभा सत्र को छोड़कर घायलों के घर पहुँच कर परिजनों का हालचाल जाना और इलाज हेतु आर्थिक सहायता भी प्रदान किया।वहीँ विधायक ने अस्पताल में पहुँच कर घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को समुचित इलाज करने का निर्देश दिया और पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

# पुलिस की दबिश से आहत मां और दो बेटियों ने खाया जहरीला पदार्थ : तीनों की मौत

बागपत ब्यूरो : बागपत के छपरौली थानाक्षेत्र में पुलिस दबिश से आहत होकर जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाली मां और बेटियों की मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में एक युवती की पहले ही मौत हो चुकी है, उसका मेरठ के सुभारती हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था। वहीं मां और दूसरी बेटी ने भी आज उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, गांव में हंगामे की स्तिथि को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात बाछौड़ गांव में पुलिस मंगलवार की रात युवती को भगाने के आरोपी के घर पर दबिश देने पहुंची थी। पुलिस को देख आरोपी युवक की मां और दो बहनों ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। इससे पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिस कर्मियों ने इसकी सूचना आला अफसरों को देकर तीनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए तीनों को मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक युवती ने दम तोड़ दिया। बताया गया कि युवती की मां और दूसरी बेटी ने आज सुबह अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंचे आला अधिकारियों ने मामले की जानकारी ली। आरोप है कि पुलिस दीवार कूदकर अंदर घुस गई। अचानक पुलिस कर्मियों को घर में देख आरोपी युवक की मां एवं दो बहनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे तीनों की हालत बिगड़ गई। वहीं पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने इसकी सूचना आला अफसरों को देकर मां और दोनों बेटियों को छपरौली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस कर्मियों ने तीनों को मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया, जहां तीनों की मौत हो गई। पुलिस का दावा, युवक घर में



ही था सीओ युवराज सिंह ने बताया कि बाछौड़ गांव का प्रिंस तीन मई को क्षेत्र की ही एक युवती को लेकर चला गया था। लड़की के परिजनों ने इसकी शिकायत छपरौली थाने में दर्ज कराई थी। युवक के घर पर आने की सूचना पर छपरौली पुलिस ने युवक के घर पर दबिश दी तो आरोपी चकमा देकर फरार हो गया, जबकि उसकी मां व दो बहनों ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। तीनों को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां तीनों की मौत हो गई। साथ नहीं थी महिला पुलिस कर्मी आरोपी युवक के परिजनों के मुताबिक पुलिस तीन–चार गाड़ियों में अंधेरे में गांव पहुंची थी। आरोपी युवक के घर में दीवार फांद कर घुस गई। उनके साथ कोई महिला पुलिस कर्मी नहीं थी। पुलिस कर्मियों ने युवक की मां और बेटियों से अभद्रता की। इसी से आहत होकर उन्होंने विषाक्त पदार्थ खाया। परिजनों ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में सीओ का कहना है कि आला अफसरों को पूरे प्रकरण से अवगत करा दिया गया है। जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी होगा, कार्रवाई की जाएगी।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने किया कार्यशाला का आयोजन

अयोध्या।(सुरेन्द्र कुमार ब्यूरो डीकेयू न्यूज 24)जिले में खाद विभाग औषधि विभाग और जीएसटी के अधिकारियों के साथ फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने एक कार्यशाला का आयोजन किया गया मीडिया प्रभारी शरद सिंह ने बताया कि जिसमें प्रमुख रुप से औषधि अनुज्ञापन अधिकारी एस के चौरसिया खाद उपायुक्त पी एन सिंह जीएसटी नोडल अधिकारी अभिनव सोनी ड्रग निरीक्षक सुमित वर्मा मुख्य खाद्य अधिकारी रमेश कुमार गुप्ता खाद अभियोजन अधिकारी दीपक सिंह तथा सभी खाद निरीक्षक उपस्थित रहे जिसमें खाद संबंधी परेशानी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई और निस्तारण के लिए अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया औषधि की ऑनलाइन बिक्री को लेकर अधिकारियों और संगठन के बीच ऑनलाइन औषधि को रोकने के लिए चर्चा हुई जीएसटी नोडल अधिकारी अभिनव सोनी द्वारा मिसमैच को लेकर चर्चा हुई उन्होंने इस विषय को ठीक करने का आश्वासन दिया इसमें मौजूद संगठन के अध्यक्ष अवि आनंद महामंत्री आनंद अग्रहरि कोषाध्यक्ष अनूप सोनी होलसेल प्रभारी राकेश सोनी रिटेल प्रभारी रोमी जकी मयूरेश आशु भाटिया सत्यम कृष्ण गोपाल गुप्ता सुनिल कपूर शादाब खान ऋषभ राकेश सहदेव एवं मीडिया प्रभारी शरद सिंह मौजूद रहे।

# जुड़वाँ नगरों में फंदे से लटका मिला दो युवकों का शव

अयोध्या ब्यूरो : बुधवार को जनपद के अयोध्या और नगर कोतवाली क्षेत्र में एक–एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। मामले की जानकारी पर इलाकाई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बताया गया की नगर कोतवाली क्षेत्र के जनौरा गांव में 22 वर्षीय सूरज कनौजिया पुत्र स्व. बसंत कनौजिया का शव बुधवार को उसके ही घर में फंदे से लटका मिला। चर्चा है कि मृतक युवक सट्टा खेलने का आदि था और उसने सट्टे में बाजी लगाकर लगभग 70 हजार रुपया गंवा दिया था। जिसके चलते वह अनमना रह रहा था और आशंका है कि इसी मानसिक अवसाद में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के रामघाट इलाके स्थित काशीराम कालोनी में कालोनी निवासी 21 वर्षीय अजय निषाद का शव भी फंदे से लटका मिला। चर्चा है कि युवक अजय निषाद पत्नी के मायके चले जाने के चलते मानसिक रूप से परेशान चल रहा था और इसी के चलते उसने आत्महत्या कर ली। फिध्लहाल संबधित पुलिस ने मौत की वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। एसपी सिटी विजयपाल सिंह ने बताया कि अयोध्या और नगर कोतवाली क्षेत्र में हैंगिग की सूचना मिली है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ विधिक कार्रवाई कर रही है।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया भारत बंद का आह्वाहन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा भारत बंद का आह्वाहन किया गया। जिसमें भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रान्ति गोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला संघ, भारतीय विद्यार्थी मोर्चा, युवा मोर्चा आदि संगठनों का सक्रिय सहभाग एवं समर्थन रहा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अयोध्या यूनिट के जिलाध्यक्ष संदीप पाल ने बताया कि काफी समय से पिछड़ा वर्ग के लोगो का समाजिक व आर्थिक शोषण होता आ रहा है। उनको उनके मूलभूत अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है। जिसके विरोध में हम अपनी कुछ प्रमुख मांगों को लेकर भारत बन्द का आह्वाहन करते हैं। हमारी प्रमुख मांगें इस प्रकार है। निजी क्षेत्र में एस सी/एस टी व ओबीसी को आरक्षण लागू किया जाए। किसानों के लिए एमएसपी का गारंटी कानून बनाया जाए। पुरानी पेंशन स्कीम बहाल किया जाए। मध्य प्रदेश, उड़ीसा और झारखंड में पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण में पृथक निर्वाचन मंडल लागू किया जाए। केन्द्र सरकार द्वारा ओबीसी की जाति आधारित जनगणना न करने के विरोध में ईवीएम घोटाले के विरोध मे। एनआरसी/एनपीआर/सीएए के विरोध में विकास के नाम पर पर्यावरण एवं जानवरों के संरक्षण के विरोध में। आदिवासियों के विस्थापन के विरोध में मंहगाई और बेरोजगारी के विरोध में इस भारत बन्द का आन्दोलन सदर तहसील तिकोनिया पार्क अयोध्या में किया गया है। आन्दोलन का नेतृत्व सुभाष नागवंशी, संदीप पाल, अरुण इंडियन, राजेश पासवान, राजकुमार वर्मा, पुष्पा गौतम, त्रिवेनी वर्मा, रामनिवास यादव, रामेन्द्र प्रजापति, अवधेश कुमार, राजकुमार मौर्य, आशीष पटेल, पुनीता कौशल, अर्जुन यादव, बलराम, अनीता, रामधारी दिनकर व सुषमती आदि ने किया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।